Sixteenth Loksabha

>

Ttile: Need to take care of and protect cows - Laid.

श्री निहाल चंद (गंगानगर) : भारत में गाय को माता कहा जाता है और भारतीय गोवंश मानव का पोषण करता रहा है जिसका दूध, गोमूत्र और गोबर अतुलनीय है। सुख, समृद्धि की प्रतीक रही भारतीय गाय आज गौशालाओं में भी उपेक्षा झेल रही है। अधिक दूध के लिए विदेशी गायों को पाला जा रहा है जबकि भारतीय नस्ल की गाय आज भी सर्वाधिक दूध देती हैं। गौशाला में देशी गोवंश के संरक्षण, उनके पालन-पोषण की परंपरा भी खत्म हो रही है। हमारी गौशालाएं डेयरी फॉर्म बन चुकी हैं जहां दूध का ही व्यवसाय हो रहा है। प्लास्टिक और मैरिज पैलेसों का सड़ा भोजन खाने से देश में गोवंश लगातार मौत के मुंह में जा रहा है और इनको बचाने के लिए हमें अभी कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।